छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

Ref No.: CSJMU/P&P / 674 (1) /2009 Dated : 07.12.2009

निविदा-प्रपत्र संख्याः निविदा-प्रपत्र का मूल्य-1000/-

कागज क्रय करने हेतु निविदा प्रपत्र सत्रः 2009-10

विश्वविद्यालय की सत्र 2009-10 की परीक्षाओं हेतु निम्नांकित विशिष्टतानुरूप अनुमानतः 35 हजार रिम कागज की आवश्यकता है। केवल वर्जिन पल्प से कागज निर्माण करने वाली मिलों का ही कागज स्वीकार किया जायेगा । आपूर्तित कागज ISI 1848:1991:Upto Third revision मानक के अनुसार होगा । निविदायें सहायक कुलसचिव (मु0प्र0) कक्ष में दि0 22.12.09 को अपराह्न 2:00 बजे तक सील्ड लिफाफे में प्राप्त की जाएगी । लिफाफे के शीर्ष भाग पर ''कागज क्रय हेतु निविदा-2010'' अंकित किया जाना आवश्यक है । टेक्निकल बिड तथा फाइनेंसियल बिड अलग-अलग प्रस्तुत की जायेगी । समस्त निविदाएं उसी दिन अपराह्न 3:00 बजे प्रशासनिक भवन के सभागार कक्ष में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी ।

कागज की विशिष्टता

कागज का आकार	कागज का वजन	ग्रामिज एवं प्रकार	कागज की दर प्रतिरिम
45.5सेमी. × 56 सेमी.	7.6 के.जी. (500 शीट्स प्रतिरिम) मिल की मूल स्टैण्डर्ड पैकिंग में	60 जी. एस. एम., क्रीम बॉव पेपर	
विश्वविद्यालय के नाम, वर्ष तथा लोगो के वाटरमार्क सहित			....
विश्वविद्यालय के नाम, वर्ष तथा लोगो के वाटरमार्क रहित			....

कागज की दरें समस्त व्यय एवं कर को सम्मिलित करते हुए ही उद्धृत की जाये ।

नियम एवं शर्तें :-

1. केवल वर्जिन पल्प से कागज बनाने वाली मिलों की ही निविदा स्वीकार की जायेगी । इस विषय का प्रमाण/साक्ष्य मिल की ओर से दिया जाना आवश्यक है ।
2. सम्पूर्ण आपूर्तित कागज मिल की मूल स्टैण्डर्ड पैकिंग में ही विश्वविद्यालय गोदाम में स्वीकार किया जायेगा ।
3. भाड़ा, बीमा तथा स्थानीय कर,मजदूरी (गोदाम में रखने तक) आदि समस्त भार आपूर्तिकर्ता को ही वहन करना पड़ेगा ।
4. आपूर्ति, विश्वविद्यालय द्वारा निर्देशित आदेशों के अनुसार करना होगा ।
5. चूंकि कागज का प्रयोग विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा की उत्तर-पुस्तिका निर्माण कार्य के लिए किया जाना है । इसलिए शासन द्वारा शिक्षण संस्थानों को मिलने वाली छूट का लाभ देते हुए दरें दी जायें ।
6. **समस्त कागज की आपूर्ति** :- कागज की आपूर्ति 30 दिनों में ही करना आवश्यक है ।
7. आपूर्ति हेतु जिस फर्म की दरें स्वीकृत होंगी, उसे विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबन्ध करना होगा जिसका प्रारूप कार्यालय में देखा जा सकता है ।
8. निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तावित कागज के नमूने की 3-3 प्रतियाँ संलग्न करना अनिवार्य है । जिस पर मिल का नाम, साइज तथा दरें उल्लिखित हो तथा मिल के अधिकृत विक्रेता के हस्ताक्षर हो तथा कागज का वजन एवं साइज का उल्लेख भी हो ।
9. निविदा के साथ रुपये 1,00,000/- (रुपये एक लाख मात्र) की सुरक्षा धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. जो **'वित्त अधिकारी', छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर** के पक्ष में जारी किया गया हो, संलग्न करना अनिवार्य है । ऐसा न करने पर उस निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।
10. विश्वविद्यालय को पूर्ण अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये कोई निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त कर दें
11. निविदादाता फर्मों का वार्षिक टर्न ओवर 2.5 करोड़ से अधिक होना चाहिए । जो कि चार्टेड एकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित हो
12. केवल वे ही फर्मे निविदा के लिए अधिकृत होगी जो मिल (जिसकी दरें फर्म द्वारा उद्धृत की गई हैं) के अधिकृत प्रतिनिधि हो । इस विषय का प्रमाण/साक्ष्य मिल की ओर से दिया जाना आवश्यक है ।
13. यदि कोई निविदा दी गयी उपरोक्त शर्तों के अनुरूप नही है या किसी भी प्रकार से अपूर्ण है तो वह निविदा स्वतः निरस्त समझी जायगी ।

संलग्नक :- बैंक ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. (विवरण) ....

फर्म का नाम व पता :- ....

हस्ताक्षर प्रतिनिधि .... **कुलसचिव**